नानाजी देशमुख पशुचिकित्सा विज्ञान विश्वविद्यालय, जबलपुर में गणतंत्र दिवस हर्षोल्लास से सम्पन्न

जबलपुर। आज दिनांक 26 जनवरी 2019 को नानाजी देशमुख पशुचिकित्सा विज्ञान विश्वविद्यालय के नव–निर्मित प्रशासनिक भवन में पहली बार एवं पशु चिकित्सा एवं पशु पालन महाविद्यालय, जबलपुर परिसर में प्रोफेसर डॉ. प्रयागदत्त जुयाल, माननीय कुलपति, ना.दे.प.चि. वि.वि., जबलपुर के मुख्य आतिथ्य में गणतंत्र दिवस पर ध्वजारोहण उत्साहपूर्वक सम्पन्न हुआ।

राष्ट्रीय पर्व 70 वें गणतंत्र दिवस के पावन पर्व पर माननीय कुलपति जी, ने अपने उद्‍बोधन में कहा कि यह गणतंत्र दिवस विश्वविद्यालय के इतिहास में अस्मरणीय रहेगा, क्योंकि विश्वविद्यालय के इस नवनिर्मित प्रशासनिक भवन में पहली बार ध्वजारोहण हो रहा है, तथा इस वि.वि. का नामकरण हमारे श्रद्धेय, प्रणेता एवं राष्ट्रऋषि नानाजी देशमुख जी ने अपने जीवन में ग्रामीण विकास में जो उत्कृष्ट एवं उल्लेखनीय भूमिका का निर्वाहन किया है, उसी के लिये यह उपलब्धि हासिल हुई। हमें उनके द्वारा स्थापित जीवन मूल्यों एवं आदर्शो को आत्मसात करते हुये, विश्वविद्यालय के विकास में अपनी सक्रिय सहभागिता निभाना है।

इस अवसर पर विश्वविद्यालय के शैक्षणिक, अनुसंधान, विस्तार गतिविधियॉ पर प्रकाश डालते हुये विस्तृत जानकारी से सभी को अवगत कराया।

इस अवसर पर विश्वविद्यालय के समस्त अधिष्ठातागण, संचालकगण, प्राध्यापकगण, अधिकारियों, छात्र–छात्राओं एवं कर्मचारियों की उपस्थिति उल्लेखनीय रही। कार्यक्रम का संचालन डॉ. अनिल कुमार गौर द्वारा किया गया।

सूचना एवं जनसंपर्क अधिकारी
ना.दे.प.चि.वि.वि., जबलपुर